epaper
हिन्दुस्तान

भारत आयुष श्रेणी में नया वीजा जारी करेगा : मोदी

21/04/2022

• हेमंत राजौरा

गांधीनगर। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और आयुष उत्पादों को दुनियाभर में पहचान दिलाने के लिए भारत सरकार आयुष वीजा शुरू करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने'हील इन इंडिया' की बात करते हुए बुधवार को गुजरात के गांधीनगर में इसकी घोषणा की।

इस वीजा से आयुष चिकित्सा का लाभ लेने के लिए भारत आने वाले विदेशियों की राह आसान होगी। मोदी वैश्विक आयुष निवेश एवं नवाचार शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उच्चतम गुणवत्ता वाले आयुष उत्पादों के लिए एक विशेष आयुष चिह्न बनाने जा रहे हैं।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख को 'तुलसी भाई' नाम दिया

गांधीनगर। वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजाक में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. ट्रेडोस घेब्रेयसस का नया गुजराती नाम 'तुलसी भाई' रख दिया। पीएम मोदी ने कहा, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस मेरे अच्छे मित्र हैं। **आयुर्वेद केंद्र**